# कचरा स्थल पर नियमित रूप से रांगोली बनाई जाए

## निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की ली बैठक

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लेकर स्वच्छता के प्रत्येक क्षेत्र में लगन से कार्य करने के निर्देश दिए।

श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कचरा स्थल ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाए, यदि हो तो तीन दिवस में समाप्त किए गए कचरा स्थल पर नियमित रूप से रांगोली बनाई जाए, साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों, प्रमुख स्थानों पर भी रांगोली बनाने के निर्देश दिए। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जाने हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित किए गए 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेऊ स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीबीसी के बैनर) के रतलाम नगर में पूर्णतः प्रतिबंध की कार्रवाई के निर्देश दिए।

श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त प्लाट (भूखण्ड) जिन पर कचरा व गंदगी एकत्रित हो रही है संबंधित प्लाट (भूखण्ड) स्वामी पर 10 हजार की राशि का जुर्माना किए जाने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने एसटीपी में ट्रीटेड किए गए पानी से शहर के सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय की सफाई व धुलाई प्रतिदिन किए जाने के निर्देश संबंधित को दिए। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश २१/२/२२

## खुले में गंदगी करने का पर 4 जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 19 फरवरी को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर धन्नालाल जैन फ्रीगंज पर 1000, सेन्ट्रल ऑटो मोबाईल फ्रीगंज पर 500, दीपक कराचे, विशाल सांखला राम मंदिर पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## फुटकर विक्रेताओं से 8 किलो अमानक स्तर की पॉलीथीन जब्त की

रतलाम। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिरर्स व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। अभियान के तहत राम मंदिर सब्जी मंडी, टीआईटी रोड, महू रोड बस स्टैण्ड से फुटकर विक्रेताओं से अमानक स्तर की 8 किलो पॉलीथीन जब्त कर भविष्य में पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

नवभारत

नवभारत २१/२/२२

## मोईज लोखंडवाला पर 5000 रुपये का जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम द्वारा स्पाट फाइन की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को राम मंदिर क्षेत्र में मोहित लोखंडवाला पर मकान का मलबा डालने व गंदगी करने पर 5000 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा सुमित ट्रेवल्स द्वारा अपनी दो बसों को नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर अवैध तरीके से पार्क करने पर बसों को सील कर जब्त किया गया।

## 63 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 63 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 25910, ट्रैक्टर-ट्राली से 10660, काम्पेक्टर सूखा कचरा 13620, काम्पेक्टर गीला कचरा 13565 कुल 63755 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया २१/२/२२

## लोखंडवाला पर 5000 का जुर्माना, सुमित ट्रेवल्स की 2 बसें जब्त

रतलाम | रविवार को राम मंदिर क्षेत्र में मोहित लोखंडवाला द्वारा मकान का मलबा डालने व गंदगी करने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा सुमित ट्रेवल्स द्वारा दो बसो को नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर अवैध तरीके से पार्क करने पर बसों को सील कर जब्त किया गया।

भास्कर

दे. भास्कर २१/२/२२

# निगमायुक्त ने वार्ड पर्यवेक्षकों की ली बैठक

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लेकर स्वच्छता के प्रत्येक क्षेत्र में लगन से कार्य करने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कचरा स्थल ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाये यदि हो तो तीन दिवस में समाप्त कर समाप्त किये गये कचरा स्थल पर नियमित रूप से रांगोली बनाई जाये साथ ही नगर के प्रमुख चौराहो, प्रमुख स्थानों पर भी रांगोली बनाने के निर्देश दिये। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित किये गये 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के रतलाम नगर में पूर्णतः प्रतिबंध की कार्यवाही के निर्देश निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में दिये। आयोजित बैठक निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त प्लाट (भूखण्ड) जिन पर कचरा व गंदगी एकत्रित हो रही है संबंधित प्लाट (भूखण्ड) स्वामी पर 10 हजार की राशि का जुर्माना किये जाने की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने एसटीपी में ट्रीटेड किये गये पानी से शहर के सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय की सफाई व धुलाई प्रतिदिन किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत २१/२/२२

# 8 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

- दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पुरे दिन का वेतन

- बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

प्रसारण

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 6 व दोपहर में 2 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

20 फरवरी रविवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में बबीता पति सतीश, माला पति दशरथ, रानी पति श्यामलाल, लताबाई पति विजेश, तूफान-बाबुलाल, झोन 4 में जितेन्द्र-भारत। दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 1 में शांतिबाई पति सुरेश व मोहन-मांगीलाल इस तरह 8 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

प्रसारण २१/२/२२

**पीएम आवास योजना** निगम आयुक्त ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ली बैठक

# सीएम 23 को करेंगे हितग्राहियों को लाभ वितरण



नगर निगम अधिकारियों की बैठक लेते हुए आयुक्त सोमनाथ झारिया। ●नईदुनिया



पुलिस लाइन के प्राथमिक स्कूल में बच्चों के साथ रोटरी क्लब पदाधिकारी। ●नईदुनिया

**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा 23 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभ वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। इसमें सभी तैयारियां समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निगम आयुक्त ने बताया कि 23 फरवरी को मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिए जाने वाले लाभ वितरण व संवाद का कार्यक्रम पुराने कलेक्टोरेट स्थित गुलाब चक्कर में आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के लिए टेंट, मंच, बैठक आदि व्यवस्था समय पूर्व पूर्ण की जाए। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों को लाने की व्यवस्था भी की जाए।

बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त कार्यक्रम स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत जीरो वेस्ट की थीम पर आयोजित होना है। इसके लिए कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों, हितग्राहियों को कपड़े से बने थैले का वितरण किया जाए। साथ ही अमानक पालिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किए जाने का व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही एसटीपी में ट्रीटेड किए गए पानी के रियूज का भी प्रचार-प्रसार किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता थीम पर आधारित हो। चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाए। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर, जोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, धर्मेंद्र दोगाया, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर अनुज शर्मा, दिव्या जोशी पाटीदारी आदि उपस्थित थे।

### जीर्णोद्धार कराकर किया स्कूल का लोकार्पण

**रतलाम।** रोटरी क्लब रतलाम द्वारा पुलिस लाइन स्थित प्राइमरी स्कूल का जीर्णोद्धार कराकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विमल छाजेड़, सचिव कमल पिरोदिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन रूमी कांट्रेक्टर, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक तांतेड़, रवि बोथरा, आरसी अय्यर, मितेश गादिया, प्रद्युम्न मजावदिया, पूर्व रोटरी सदस्य यूनुस स्टेशनवाला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय में नए बोर्ड सहित अन्य सामग्री दी गई।

गत दिनों एक समारोह में प्राचार्य ममता पुरोहित का स्वागत किया गया था। समारोह में मौजूद अशोक तांतेड़ को स्कूल की खराब स्थिति के बारे में बताया गया था।

नईदुनिया २१/२/२२

## बावड़ी में गिरी महिला, स्थानीय लोगों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने किया रेस्क्यू

रतलाम। मीराकुटी क्षेत्र में रविवार को एक महिला अचानक से बावड़ी में गिर गई। बावड़ी में पानी अधिक नहीं होने से महिला डूबी नहीं लेकिन कचरे और कीचड़ के दलदल में फंस गई। महिला के बावड़ी में गिरने पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई क्षेत्रीय पार्षद भगत सिंह भदोरिया ने फायर ब्रिगेड को बुलवाकर स्थानीय लोगों के साथ महिला महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और उसे उसके घर तक पहुंचाया है। घटना रविवार दोपहर की है। जहां मीराकुटी स्थित बावड़ी में एक महिला अचानक से गिर गई जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। महिला कचरा और कीचड़ के दलदल में फंसती जा रही थी लेकिन लोगों ने समय रहते फायर ब्रिगेड को कॉल कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार महिला कचरा फेंकने के लिए बावड़ी के पास पहुंची थी तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह बावड़ी में गिर गई। हालांकि स्थानीय लोगों की सूझबूझ से महिला की जान बच गई। नवभारत

नवभारत २१/२/२२

कचरा डालने गई वृद्धा कुएं में जा गिरी

## मीराकुटी के कुएं में गिरी वृद्धा को सुरक्षित बाहर निकाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. मीराकुटी स्थित एक पुराने कुएं में रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे एक वृद्धा चक्कर खाकर उसमें जा गिरी। पूर्व एमआईसी सदस्य व भाजपा नेता भगतसिंह भदौरिया को सूचना देकर फायर ब्रिग्रेड को मौके पर बुलाया। फायर बिग्रेड की टीम ने सकुशल वृद्धा को बाहर निकाल लिया।

पूर्व एमआईसी सदस्य भदौरिया ने सुबह करीब साढ़े 11 बजे इसी क्षेत्र में रहने वाली वृद्धा फरीदा खान पति रमजान खान 64 कुएं के पास कचरा डालने के लिए गई थी। कुएं की पाल के पास ही वह खड़ी थी कि अचानक ही चक्कर आने से वह कुएं में जा गिरी। आसपास के लोगों ने वृद्धा को कुएं में गिरने की जानकारी दी तो फायर बिग्रेड की टीम को मौके पर बुलाया गया। फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने वृद्धा को उसके माध्यम से सकुशल बाहर निकाल लिया।

### 40 फीट गहरा है कुआं

जिस कुएं में वृद्धा गिरी थी उसकी गहराई काफी अधिक है। बताया जाता है कि कुएं की गहराई करीब 40 फीट से ज्यादा है। कुएं में पानी नहीं है और दलदल और कूड़ा-करकट भरा होने से अंदर गिरने पर भी महिला को चोट नहीं आई। कूड़ा-करकट की वजह से वह उस पर जाकर टिक गई और समय रहते उन्हें बाहर निकाल लिया गया। पत्रिका

पत्रिका २१/२/२२



# कचरे से भरी बावड़ी में गिरी महिला, स्थानीय लोगों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने किया रेस्क्यू

रतलाम। मीराकुटी क्षेत्र में आज एक महिला अचानक से बावड़ी में गिर गई। बावड़ी में पानी अधिक नहीं होने से महिला डूबी नहीं लेकिन कचरे और कीचड़ के दलदल में फंस गई। महिला के बावड़ी में गिरने पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई क्षेत्रीय पार्षद भगत सिंह भदोरिया ने फायर ब्रिगेड को बुलवाकर स्थानीय लोगों के साथ महिला महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और उसे उसके घर तक पहुंचाया है।

घटना रविवार दोपहर की है। जहां मीराकुटी स्थित बावड़ी में एक महिला अचानक से गिर गई जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। महिला कचरा और कीचड़ के दलदल में फंसती जा रही थी लेकिन लोगों ने समय रहते फायर ब्रिगेड को कॉल कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार महिला कचरा फेंकने के लिए बावड़ी के पास पहुंची थी तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह बावड़ी में गिर गई। हालांकि स्थानीय लोगों की सूझबूझ से महिला की जान बच गई। इन्दौर

इन्दौर समाचार २१/२/२२

# सीएम करेंगे पीएम आवास का वितरण

**रतलाम.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिये जाने वाले लाभ वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि 23 फरवरी को मुख्यमंत्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिए जाने वाले लाभ वितरण व संवाद का कार्यक्रम पुराने कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर में होगा। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री ष्याम सोनी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी आदि मौजूद थे। पत्रिका

पत्रिका २१/२/२२

**अच्छी खबर** • सीवरेज सिस्टम का काम 97 फीसदी पूरा, करमदी और खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हुए चालू

# 26800 मकानों से निकलने वाले 7.5 एमएलडी पानी का ट्रीटमेंट, बगीचे और डिवाइडर के पेड़-पौधे सींचेंगे

### जल्द करमदी रोड और खेतलपुर एसटीपी पूरी क्षमता से चालू होंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

साढ़े चार साल लंबे उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार सीवरेज सिस्टम का काम लगभग पूरा हो गया है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की मंजूरी के बाद करमदी और खेतलपुर सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) चालू हो चुके हैं। इनसे रोजाना करीब 26800 मकान से निकलने वाला लगभग 7.5 एमएलडी गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जा रहा है।

इससे साफ हुए पानी से फिलहाल नगर निगम बगीचों और डिवाइडरों में लगाए गए पेड़-पौधो को सींच रहा है। अभी बैक लाइन यानी मुख्य शहर की लगभग 650 गलियों के मकानों के कनेक्शन हैं। उनके होते ही दोनों एसटीपी अपनी पूरी क्षमता 37.50 एमएलडी से गंदे पानी का ट्रीटमेंट करने लगेंगे। इसके बाद नगर निगम इस ट्रीटेड पानी (पीने लायक नहीं) को रेलवे, उद्योग और निर्माण कार्य के लिए बाजार मूल्य से लगभग आधा कीमत पर बेचेगा।

## आगे क्या : रेलवे, उद्योग और निर्माण कार्य के लिए ट्रीटमेंट किया गया पानी देगा नगर निगम



खेतलपुर में रोज 3 से 3.5 एमएलडी गंदे पानी का ट्रीटमेंट हो रहा है।

### बार-बार बंद होने से देरी से पूरा हुआ काम

141 करोड़ वाले शहर के पहले सबसे बड़े प्रोजेक्ट का काम जून 2017 में शुरू होने के बावजूद बार-बार बंद होने से देरी से पूरा हुआ। जून-जुलाई 2017 में एक साथ आठ से दस जगह खुदाई होने लगी तो लोग विरोध में आ खड़े हुए, तब पहली बार काम रुका था। 2018 में विधानसभा, 2019 में लोकसभा, फिर बारिश और 2020 में लॉकडाउन में तीन से चार तक काम बंद रहा। 22 सितंबर 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीवरेज सिस्टम के लोकार्पण के बाद, जो 97% तक पूरा हो गया है।

### अब सिर्फ यह बाकी : बैक लाइन के 16000 होम कनेक्शन बाकी



बाजना बस स्टैंड रोड पर होम कनेक्शन करता कर्मचारी।

सीवरेज सिस्टम में बड़ा काम सिर्फ बैक लाइन के होम कनेक्शन का बाकी है। यहां बैक लाइन से मतलब मुख्य बाजार की गलियों से है, जहां से सीवरेज के कनेक्शन दिए जाना है। ऐसी 650 गलियां हैं। चौड़ाई महज तीन से पांच फीट है, जिसके कारण खुदाई करके सीवरेज लाइन असंभव है। इंजीनियरों ने नया विकल्प ढूंढा है। इसके अनुसार गलियों की जिन नालियों से होकर गंदा पानी निकल रहा है, उसे ऊपर से ढककर अंडर ग्राउंड करके फ्रंट लेन लाइन में ले जाकर मिलाया जाएगा। इसमें 12 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आ रहा है। इसका रिवाइज एस्टीमेट बनाकर भोपाल भेज दिया है। प्रपोजल का वैरिफिकेशन हो गया है, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है।

### हेल्पलाइन नंबर 9179590374 पर बताएं परेशानी

नागरिकों की सीवरेज सिस्टम से जुड़ी परेशानी के निराकरण के लिए ठेकेदार कंपनी जयवरूडी कंस्ट्रक्शन ने हेल्पलाइन नंबर 9179590374 शुरू कर दिया है। प्रोजेक्ट इंजीनियर हरीश भाई ने बताया निर्माण या अन्य कार्य के चलते कई बार होम कनेक्शन टूट जाते हैं। लोग उन्हें ठीक नहीं करवाते, जिससे गंदा पानी बहने लगता है। लोग हेल्प लाइन नंबर पर जानकारी दे दें तो हम समय पर ठीक करा देंगे।

### सीवरेज सिस्टम अप्रूवल से ज्यादा हो गया काम

लाइनमैन और सब ट्रंक मिलाकर आखिरी अप्रूवल 287 किमी की थी, नए क्षेत्र जोड़ने से 302 किमी सीवरेज लाइन डल चुकी है। ज्वाइंट मिला 8 से 10 किमी और बिछेगी।

- मेन होल - सर्कुलर मैन होल 5026 के मुकाबले 6000 से ज्यादा बन चुके हैं। घर-घर कनेक्शन के लिए हाऊस सर्विस चैंबर भी 10600 के बजाए 11200 बन चुके है।
- होम कनेक्शन - शहर में 43273 मकानों में से 27200 का कनेक्शन हो सीवरेज से जुड़ गए हैं। मंजूरी मिलते ही बैक लाइन के 16073 कनेक्शन हो जाएंगे।
- पंपिंग स्टेशन - बरबड़, दीनदयाल नगर, अर्जुन नगर, जवाहर नगर का स्टेशन चालू हो चुका है। डोसीगांव का तैयार है, अगले माह चालू हो जाएगी। इनसे गंदा पानी एसटीपी तक पहुंचता है।

*सीवरेज सिस्टम पूरा होने आया है। फॉलोअप कर रहे हैं। बाकी काम पूरा कराने फॉलोअप कर रहे हैं। दोनों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से गंदे पानी ट्रीटमेंट होने लगा है। उसका बगीचों में उपयोग किया जा रहा है। पूरी क्षमता से एसटीपी चालू होने पर अन्य उपयोग के लिए भी देंगे।*

चेतन्य काश्यप, विधायक

आसमान

दै. भास्कर 21/2/22

## सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम रतलाम

**93.77 वेटेज स्कोर प्राप्त कर लगातार दूसरी बार बना प्रदेश में नम्बर-1**

रतलाम। नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 716 शिकायतें निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 47.28 (50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.33 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.66 (10 प्रतिशत), नोट अटेंडेट शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 7.5 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 93.77 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर 1 बना। सीएम हेल्प लाईन शिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेश में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनाए रखें।

प्रसारण 21/2/22

## निगम सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के हल में दूसरी बार नंबर-1

रतलाम | नागरिकों की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम 93.77 वैटेज स्कोर के साथ दूसरी बार पहले नंबर आया है। पिछले माह नगर निगम को 716 शिकायतें मिली थी। 47.28 प्रतिशत संतुष्टि के साथ बंद हुई। 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.33 प्रतिशत रहा। वहीं निम्न गुणवत्ता से 9.66 प्रतिशत शिकायतें बंद की गई। 10 प्रतिशत नोट अटेंडेंट रही, तो मान्य व अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 प्रतिशत रहा। लंबित शिकायतों का प्रतिशत 7.5 प्रतिशत रहा।

दै. भास्कर 21/2/22

# शिकायतों के निपटारे में रतलाम निगम फिर अव्वल

## चार साल में कभी बी ग्रेड नहीं मिली, 14 निगमों में लगातार दूसरी बार प्रथम

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई शिकायतों पर सुनवाई के मामले में रतलाम नगर निगम ने 'ए' रैंकिंग वाले 14 नगर निगमों में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया है।



रतलाम नगर निगम भवन। • फाइल फोटो

### उपलब्धि

- **सीएम हेल्पलाइन मानीटरिंग सेल ने यह रैंकिंग जारी की**
- **रतलाम नगर निगम 93.77 वेटेज स्कोर हासिल कर प्रथम रहा**

हेल्पलाइन मानीटरिंग सेल ने यह रैंकिंग 1 से 31 जनवरी के बीच हुई शिकायतों के 20 फरवरी तक हुए निराकरण के आधार पर जारी की है। इसमें 14 जिलों को 'ए' रैंक मिली है। रतलाम नगर निगम ने 93.77 वेटेज स्कोर हासिल कर पहला स्थान बनाया। जनवरी माह में निगम से संबंधित 716 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची थीं। पूर्व मे भी लगातार तीसरी बार नगर निगम अव्वल रहा है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों को इस रैंकिंग को बनाए रखने के लिए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लेकर हल करने के निर्देश दिए थे। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई भी की गई।

### 16 नगर निगमों की स्थिति

रतलाम, बुरहानपुर, सिंगरोली, रीवा, देवास, सागर, उज्जैन, इंदौर, कटनी, छिंदवाड़ा, मुरैना, सतना, जबलपुर, खंडवा ए रैंक में शामिल हैं। ग्वालियर व भोपाल को बी रैंक मिली है।

### इन मूल्यांकन पर उतरे खरे

- शिकायतें-716

वर्डि.

"सीएम हेल्पलाइन शिकायतो के निराकरण की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले अमले पर कार्रवाई भी की गई है।

**- सोमनाथ झारिया,**
निगमायुक्त, नगर निगम रतलाम

- संतुष्टि के साथ बंद का वेटेज-47.28
- 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायत निराकरण-9.33
- निम्न गुणवत्ता से बंद-9.66
- मान्य व अमान्य का वेटेज-10
- नाट अटेंडेंट-10
- लंबित शिकायतों में कमी-7.5

नईदुनिया / 21/2/22

# गोल्ड पार्क के टेंडर मार्च में, दो बत्ती पुलिस कालोनी के आवास भी बनेंगे

**विकास** ● 96 करोड़ रुपये की रिडेंसीफिकेशन योजना को कलेक्टर के प्रेजेंटेशन के बाद भोपाल में राज्य साधिकार समिति ने दी है स्वीकृति

**योजना**

- हाउसिंग बोर्ड ने शुरू की तैयारी
- आलोट में एसडीएम व तहसील कार्यालय भी बनेगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में रिडेंसीफिकेशन योजना में प्रस्तावित गोल्ड पार्क (जैम्स व ज्वैलरी) को बनाए जाने के लिए नोडल एजेंसी मप्र हाउसिंग बोर्ड ने टेंडर की तैयारी कर ली है। टेंडर संबंधी दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। सबकुछ समय पर हुआ तो 15 दिन में टेंडर जारी हो जाएंगे।

96 करोड़ रुपये की इस योजना में प्रस्तावित कामों के बाद भी प्रशासन के पास राशि बचेगी। इस वजह से स्टेशन रोड थाने के पास स्थित पुलिस कालोनी के आवास भी नए सिरे से बनाएं जाएंगे। इसका प्रस्ताव तैयार कर साधिकार समिति से स्वीकृति ली जाएगी। योजना में गोल्ड पार्क के साथ जिला अस्पताल का नया भवन, आडिटोरियम, कर्मचारियों के लिए शासकीय आवास बनाए जाना प्रस्तावित है। 2 फरवरी को भोपाल में प्रदेश के मुख्य सचिव इकबालसिंह बेस की अध्यक्षता में आयोजित राज्य साधिकार समिति की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आनलाइन प्रजेंटेशन दिया था। इसके बाद समिति ने योजना स्वीकृत कर दी।

मालूम हो कि वर्ष 2015 से रिडेंसीफिकेशन योजना पर काम चल रहा है। 22 अप्रैल 2017 को तत्कालीन साधिकार समिति ने आडिटोरियम व शासकीय आवास को स्वीकृति दे दी थी, लेकिन 2018 में सरकार बदलने के बाद काम नहीं हो पाया। इसके बाद जिला अस्पताल के नए भवन के प्रस्ताव को जोड़ने की प्रक्रिया चलती रही। शहर



विधायक चेतन्य काश्यप ने भी लगातार मानीटरिंग की। वर्तमान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तकनीकी कमियों को दूर किया तो स्वीकृति मिल गई। योजना में प्रस्तावित कामों पर हाउसिंग बोर्ड को दी जाने वाली सुपरविजन की राशि व विकास कार्यों की लागत मिलाकर करीब 76 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जमीन से 96 करोड़ रुपये मिलना प्रस्तावित है। ऐसे में करीब 20 करोड़ रुपये की राशि बचेगी, जिसे शहर के लिए जरूरी अन्य कामों में उपयोग किया जाएगा।

**समझें रिडेंसीफिकेशन योजना को**

रिडेंसीफिकेशन योजना में किसी भी शासकीय परिसर, भवन को निजी एजेंसी के माध्यम से विकसित किया जाता है और बदले में उसे उस भवन का एक निश्चित प्रतिशत का हिस्सा विक्रय के लिए दिया जाता है। गोल्ड पार्क की योजना में नगर निगम के सामने की करीब 2.490 हेक्टेयर जमीन पर गोल्ड पार्क बनेगा। इसकी कीमत शासकीय मान से करीब 96 करोड़ रुपये आंकी गई है। पीपीपी मोड में निजी एजेंसी इस कीमत के बदले योजना में शामिल भवन आदि बनाएगी। इसके साथ ही गोल्ड पार्क का निर्माण भी करेगी। पार्क की दुकानों, शोरूम को निजी एजेंसी विक्रय कर पूरी लागत निकालेगी।

**इस तरह होगा काम**

जिला अस्पताल : रिडेंसीफिकेशन योजना में जिला अस्पताल के नए भवन का निर्माण शामिल है। मेडिकल कालेज व बाल चिकित्सालय के समीप मदर एंड चाइल्ड यूनिट के प्रारंभ होने के बाद अस्पताल में मरीजों का दबाव तो कम हुआ है, लेकिन भवन जर्जर होने के कारण कई तरह की समस्या है। प्रजेंटेशन में इस तथ्य को दर्शाकर पूरे भवन को नए सिरे से बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई। 300 बेड की क्षमता के नए भवन पर करीब 50 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

- **आडिटोरियम** : मुख्यमंत्री ने आडिटोरियम की घोषणा वर्ष 2010 में की थी। इस पर अभी तक काम नहीं हुआ इस वजह से रिडेंसीफिकेशन योजना में शामिल किया गया। 1000 सीट की क्षमता वाले आडिटोरियम के लिए लागत करीब 14.77 करोड़ रुपये बताई गई।
- **शासकीय आवास** : सिविल लाइन में कलेक्टर, एसपी बंगले सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास भी जर्जर हो चले हैं। रिडेंसीफिकेशन योजना में मिलने वाली राशि से शासकीय आवास बनेंगे। समिति के समक्ष इस जरूरत को बताकर आवासों की कमी की भी जानकारी दी गई।

**रिडेंसीफिकेशन योजना पर नजर**

- जमीन से राशि मिलना प्रस्तावित-96 करोड़
- जिला अस्पताल का 300 बेड का नया भवन-50 करोड़
- 1000 सीटर आडिटोरियम-14.77 करोड़
- 47 कर्मचारी आवास-8.82 करोड़
- आफिसर कालोनी विकास कार्य-01 करोड़

"रिडेंसीफिकेशन योजना शहर सहित पूरे जिले की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। टेंडर के साथ ही पूरी प्रक्रिया समय पर हो जाए, इसके लिए मानीटरिंग की जा रही है।

– **चैतन्य काश्यप**, शहर विधायक

गोल्डपार्क के साथ ही जेल रिडेंसीफिकेशन योजना पर भी काम चल रहा है। आलोट में भी एसडीएम व तहसील कार्यालय का निर्माण इसी तर्ज पर किया जाएगा।

– **कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

गोल्ड पार्क टेंडर के दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। 15 दिन का समय लगेगा, इसके बाद टेंडर जारी कर देंगे।

– **प्रबोध पराते**, उपायुक्त हाउसिंग बोर्ड

नईदुनीया २१/२/२२

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का किया उल्लेख -** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के अपनी तरह के अनोखे गोबर धन सीएनजी संयंत्र के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित सभी वर्चुअली और एक्चुअली उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की प्रेरणा से इंदौर ने 'वेस्ट टू वेल्थ' के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। हमें गर्व है कि गीले कचरे से सीएनजी बनाने वाले इस एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन प्लांट का आज प्रधानमंत्री जी वर्चुअल लोकार्पण कर रहे हैं। यह प्लांट प्रधानमंत्री जी के मंत्र ॥वेस्ट टू वेल्थ॥ पर अमल का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़े विषय पर पूरी दुनिया में क्रांतिकारी विचार रखा है। यह प्रधानमंत्री जी का धरती को बचाने का अभियान है। प्रधानमंत्री जी के लिए विश्व के अन्य देशों के प्रमुख वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रीड और वन नरेन्द्र मोदी जैसी प्रशंसनीय उक्ति का प्रयोग करते हैं। प्रधानमंत्री जी ने शक्तिशाली और वैभवशाली भारत के निर्माण की पहल की है। वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के उनके ईमानदार प्रयास के सभी साक्षी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे संसार के कल्याण की बात को ग्लोबल गुड, पी-3 एप्रोच, मिशन लाइफ, वेस्ट-टू-वेल्थ (कचरे से कंचन) और पंचामृत के माध्यम से सामने रखा है। पंचामृत में वर्ष 2070 तक नेट जीरो, वर्ष 2030 तक गैर परम्परागत ऊर्जा क्षमता 500 गीगावॉट करने, कार्बन इंटेनसिटी 45 प्रतिशत से कम करने, कार्बन उत्सर्जन में वर्ष 2030 तक एक बिलियन टन की कमी लाने का लक्ष्य शामिल है। साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी अर्थात पर्यावरण मित्र भारत बनाने का संकल्प और लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के इस पर्यावरण हितैषी मंत्र और संकल्प को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश ने अमल प्रारंभ किया है। मध्यप्रदेश उनके इस मंत्र को धरती पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव भारत के लिए स्वर्ण काल है। मध्यप्रदेश स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर दिखाएगा।

**इंदौर के प्रयास सबसे अलग**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर देश का पहला वाटर प्लस शहर है। यहाँ डस्ट फ्री शहर, इंदौर बिन फ्री के साथ जीरो वेस्ट कॉलोनी, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट मार्केट और जीरो वेस्ट वार्ड विकसित किए जा रहे हैं। इंदौर शहर के 21 बाजार जीरो वेस्ट मार्केट घोषित हुए हैं, जहाँ सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि इंदौर में झोलाधारी इंदौरी अभियान का आगाज भी किया है।

स्वदेश

स्वतंत्र मलाल २१/२/२२

ऐसे कैसे आएंगे स्वच्छता में रतलाम बनेगा नंबर वन

# शहर में हवा हो रहे नगर निगम के स्वच्छता दावे



**ऐसे-कैसे बनेगा शहर सुंदर**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम के द्वारा किए जा रहे स्वच्छता में रतलाम को नंबर वन लाने के दावे फिलहाल तो हवा होते नजर आ रहे है। सीधे शब्दों में कहे तो शहर में स्वच्छता के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है जिसके चलते कई क्षेत्रों में अब भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। शहर की सड़कों पर झाड़ू लगती तो दिखाई देती है लेकिन नालियों में जमी गाद नही निकलने से नालियों के जाम होने से उनका पानी अब सड़क पर बहता नजर आने लगा है।

शहर में कही सीवरेज के नाम पर तो कहीं पानी की पाइप लाइन बिछाने तो कही किसी और कारण से आए दिन सड़कों को खोदा जा रहा है। सड़कों की खुदाई किए जाने के बाद ठीक तरह से उसकी मरम्मत नही होने से सड़कें आगमी कुछ दिनों में खस्ता हाल होना शुरू हो जाती है। शहर के मुख्य बाजार और कई सारे रहवासी क्षेत्रों में लंबे अरसे से खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है लेकिन इन सड़कों की दशा आज तक नहीं सुधर सकी है।

## तो बारिश में फिर बिगड़ सकते है हालात

समय रहते यदि शहर में ड्रेनेज व्यवस्था के साथ सीवरेज का काम बेहतर ढंग से नहीं होता है तो मानसून के दौरान बारिश होने पर शहर के हालात फिर से बिगड़ सकते हैं। गत वर्ष भी जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा सैंकड़ों परिवारों को भुगतना पड़ा था। समय रहते ड्रेनेज की लाइनें दुरूस्त नही होती है या फिर सीवरेज का काम पूरा नही होता है तो इस वर्ष भी बारिश में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## यहां भी खुला पड़ा चेंबर

शहर के कसारा बाजार क्षेत्र में भी चौराहे के पास बेतरतीब तरीके से बने चेंबर के जाम होने से उसे खोला गया है। चेंबर को खोले हुए भी समय बीत गया है लेकिन अब तक उसकी सफाई हो सकी है और न उसे फिर से बंद किया गया है। बस उसके बार एक तरफ मिट्टी का ढेर तो दूसरी तरफ बेरिकेट रख दिए गए है। यहीं नही शहर के भगतपुरी क्षेत्र में भी सड़क किनारे बनी नालियां उफन रही है।



पत्रिका

पत्रिका २१/२/२२

**बैठक आयोजित**

## निगम आयुक्त ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर दी हिदायत

# कचरा स्थल पाये जाने पर दरोगा और झोन प्रभारी पर होगी कार्यवाही

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने लेकर स्व%छता के प्रत्येक क्षेत्र में लगन से कार्य करने के निर्देश दिये।

तिगम आयुक्त ने बैठक में निर्देषित किया कि शहर में कहीं भी कचरा स्थल ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाये यदि हो तो तीन दिवस में समाप्त कर समाप्त किये गये कचरा स्थल पर नियमित रूप से रांगोली बनाई जाये साथ ही नगर के प्रमुख चौराहो, प्रमुख स्थानों पर भी रांगोली बनाने के निर्देश दिये।




रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित किये गये 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के रतलाम नगर में पूर्णतः प्रतिबंध की कार्यवाही के निर्देष निगम आयुक्त ने बैठक में दिये। आयोजित बैठक निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त प्लाट (भूखण्ड) जिन पर कचरा व गंदगी एकत्रित हो रही है संबंधित प्लाट (भूखण्ड) स्वामी पर 10 हजार की राशि का जुर्माना किये जाने की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा निगम आयुक्त ने एसटीपी में ट्रीटेड किये गये पानी से शहर के सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय की सफाई व धुलाई प्रतिदिन किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के.जैन, अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंड़ित, बी.एल.चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

निगम आयुक्त झारिया ने आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों हेतु ली बैठक

# मुख्यमंत्री 23 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को करेंगे लाभ वितरण

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 23 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिये जाने वाले लाभ वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर सभी तैयारियां समय पर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि 23 फरवरी को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दिये जाने वाले लाभ वितरण व संवाद का कार्यक्रम पुराने-कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चकर में आयोजित किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम हेतु टेन्ट, मंच, बैठक आदि व्यवस्था समय पूर्व पूर्ण की जाये साथ ही कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों को लाने की व्यवस्था भी की जाए।



बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त आयोजित कार्यक्रम स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत 0 वेस्ट की थीम पर आयोजित होना है, इस हेतु कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों हितग्राहियों कपड़े से बने थैले का वितरण किया जाए, साथ ही 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किए जाने का व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही एस टी पी में ट्रीटेड किए गए पानी के रियूज का भी प्रचार-प्रसार किया जाए।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आयोजित कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता थीम पर आधारित हो साथ ही, कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की थीम पर चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाकर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अनुज शर्मा, श्रीमती दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी आदि उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण २१/२/२२

# विजेताओं को विधायक ने प्रदान किए प्रमाण पत्र



**रतलाम।** नगर निगम रतलाम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगमायुक्त सोमनाथ झरिया, मनोहर पोरवाल , स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार जोशी, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

अवन्तिका

अवन्तिका 21/2/22





# इंदौर मॉडल शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने अन्य शहरों के लिए बनेगा प्रेरणा - प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

## मुख्यमंत्री श्री चौहान और उनकी टीम ने कम समय में बड़ा काम कर दिखाया

रतलाम। /प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी ने कहा है कि शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने का इंदौर मॉडल अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बनेगा। इंदौर के देवगुराड़िया क्षेत्र में कभी कूड़े के पहाड़ थे, अब वहाँ 100 एकड़ की डंप साइट ग्रीन जोन में परिवर्तित हो गई है। इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट बनने से वेस्ट-टू-वेल्थ तथा सर्कुलर इकोनामी की परिकल्पना साकार हुई है। इससे भारत के स्वच्छता अभियान भाग-2 को नई ताकत मिलेगी, जिसके अंतर्गत आने वाले 2 वर्षों में देश के सभी शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त कर ग्रीन जोन बना दिया जाएगा। इंदौर शहर ने वाटर प्लस की भी उपलब्धि हासिल की है, अब यह शहर देश के अन्य शहरों को इस क्षेत्र में भी प्रेरणा देगा। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी टीम ने बड़ा काम कर दिखाया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण कर रहे थे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, केंद्रीय, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर, राज्य शासन के मंत्री, सांसद, विधायक सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर की बहनों ने कूड़ा प्रबंधन का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कूड़े को 6 हिस्सों में अलग-अलग बाँट कर उसका निस्तारण किया है। यह री-साइकिलिंग संस्कार, देश की बड़ी सेवा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर के सफाईकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना के मुश्किल समय में उनकी सेवा सराहनीय है। मैं दिल्ली से इंदौर के सफाईकर्मियों को प्रणाम एवं नमन करता हूँ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर की जनता ने देवी अहिल्या की प्रेरणा को खोने नहीं दिया है। आज भी देवी अहिल्या के बताए मार्ग पर चलकर इंदौर प्रगति कर रहा है। वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर में देवी अहिल्या की भव्य प्रतिमा हमें उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर के विकास में पूर्व सांसद श्रीमती सुमित्रा महाजन ताई का योगदान सराहनीय है। उन्होंने इंदौर को नई ऊँचाई दी है। वर्तमान सांसद श्री शंकर लालवानी भी उन्हीं के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वेस्ट-टू-वेल्थ (कचरे से कंचन) में कचरे से गोबर-धन, गोबर-धन से स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ ईंधन से ऊर्जा धन तथा उर्जा धन से जीवन धन बनेगा। इस दिशा में इंदौर शहर में किया गया कार्य पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है। आने वाले 2 वर्षों में विभिन्न नगरों में इसी प्रकार के प्लांट बनाए जाएंगे। शहरों को स्वच्छ, प्रदूषणरहित तथा क्लीन एनर्जी युक्त बनाया जाएगा। ग्रामों में भी गोबर-धन प्लांट लगाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा इससे नई अर्थ-व्यवस्था जन्म लेगी। इंदौर ने यह सब कर दिखाया है। आज भी देश-विदेश से लोग यह देखने आते हैं कि इंदौर में स्वच्छता एवं सफाई के लिए कैसे कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोयले के कारखानों में पराली के उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय होगी। भारत में सौर ऊर्जा को भी अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है। सौर ऊर्जा के उत्पादन में भारत विश्व के प्रथम पाँच देशों मे शामिल हो गया है। अब किसान भी सौर ऊर्जा बनाएंगे। किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जा दाता भी बनेंगे। तकनीकी, नवाचार एवं परिश्रम से हम ग्रीन एवं क्लीन फ्यूचर सुनिश्चित करेंगे। सर्कुलर इकोनामी तथा वेस्ट टू वेल्थ के सिद्धांतों के अनुरूप है इंदौर का प्लांट -केंद्रीय मंत्री श्री पुरी केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज से चार वर्ष पहले जब मैं इंदौर में एक कॉन्फ्रेंस के लिए आया था तब जापान से शामिल हुए मंत्री से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि इंदौर शहर में उन्होंने बहुत कुछ देखा पर कचरा नहीं देखा। इंदौर भारत का सबसे स्वच्छ शहर है इसमें कोई दो राय नही है। लगातार 5 वर्षों से स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम आकर इंदौर ने देश में अपना कीर्तिमान स्थापित किया है। इंदौर की सफलता का श्रेय प्रदेश की सरकार को जाता है। प्रदेश के अन्य शहर भी स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वेस्ट-टू-वेल्थ के सिद्धांत पर जोर दिया जाता रहा है, इसलिए इंदौर का यह बायो सीएनजी प्लांट हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इंदौर गार्बेज मुक्त शहर और सस्टेनेबल विकास की दिशा में एक नई मिसाल कायम करने जा रहा है।

स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २१/२/२२